Bareilly, Thursday, 9 January 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 16

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 05 MIDDLE

लाइव काक्लियर इंप्लांट सर्जरी के विषयों पर व्याख्यान

मेरठ, लखनऊ, मुरादाबाद के साथ बरेली मंडल के 50 से अधिक ईएनटी विशेषज्ञ शामिल

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (8 Jan): एसआरएमएस मेडिकल कालेज में बुधवार को पांचवीं काक्लियर इंप्लांट वर्कशाप का आयोजन हुआ. इसमें लाइव सर्जरी के साथ विशेषज्ञों ने काक्लियर इंप्लांट के संबंध में विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई. कार्यशाला का शुभारंभ दो साल के बच्चे में काक्लियर प्रत्यारोपण से किया गया.

कराया आयोजन

ईएनटी विभाग की ओर से आयोजित पांचवीं काक्लियर इंप्लांट वर्कशाप में उद्घाटन सत्र का आरंभ सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन और संस्थान गीत के साथ हुआ. वर्कशाप के आर्गनाइजिंग चेयरमैन व ईएनटी विभागाध्यक्ष डा. रोहित शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और एसआरएमएस में संचालित काक्लियर इंप्लांट कार्यक्रम की जानकारी दी. कहा, तीन वर्ष तक प्रति वर्ष दो काक्लियर इंप्लांट का खर्च एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से उठाया गया. तीन वर्ष में छह प्रत्यारोपण हुए और उन पर करीब 40 लाख रुपये खर्च हुआ. केंद्र और राज्य सरकार की मदद से अब तक यहां 35 प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं. उद्घाटन सत्र में पीजीआइ चंडीगढ़ के ईएनटी विभाग के पूर्व एचओडी व फोर्टिज मोहाली के डायरेक्टर डा. अशोक गुप्ता ने काक्लियर इंप्लांटेशन की जानकारी, दृष्टिकोण और अभ्यास पर व्याख्यान दिया.

एक्सपर्ट ने की लाइव सर्जरी.

दी महत्वपूर्ण जानकारी

एलएलआरएम मेरठ के डा. विनीत शर्मा ने कान की अंदरूनी संरचना और इसकी रेडियोलाजी के बारे में बताया. एसआरएमएस के डा. अमित राणा ने बताया कि काक्लियर इंप्लांट छह महीने के बच्चे से लेकर 70 वर्ष तक के बुजुर्ग को किया जा सकता है. डा. रोहित शर्मा ने विकृत काक्लियर के बारे में व्याख्यान दिया. वरिष्ठ आडियोलाजिस्ट शुभांगी ने विकृत काक्लियर के आपरेशन से पहले की तैयारियों की जानकारी दी. डा. अशोक गुप्ता ने काक्लियर इंप्लांट के दौरान होने वाले काम्प्लिकेशन और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, मेडिकल कालेज के सभी विभागाध्यक्ष, लखनऊ के डा. शिवेश कुमार, बरेली के डा. मुदित मिश्र, जीएमसी शाहजहांपुर की डा. पूनम समेत 50 से अधिक ईएनटी विशेषज्ञ शामिल हुए.

वीडियो किया साझा

उन्होंने सामान्य बच्चों की तरह दैनिक काम काज कर रहे उन्न बच्चों के वीडियो भी साझा किया, जिनका एसआरएमएस मेडिकल कालेज में प्रत्यारोपण हो चुका है. मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहा कि काक्लियर इंप्लांट से तमाम बच्चे खुशी के साथ अपना जीवन जी रहे हैं जो पहले सुन नहीं पाते थे. काक्लियर इंप्लांट कर बच्चों को खुशी देने वाले देश के प्रमुख संस्थानों में एसआरएमएस एक है. मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने कालेज की उपलब्धियों की जानकारी दी. अंत में वर्कशाप के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. अमित राणा ने सभी का आभार जताया. संचालन डा. शिवानी ठाकुर ने किया. इससे पहले वर्कशाप में फोर्टिज मोहाली की डा. नेहा शर्मा ने काक्लियर इंप्लांट के बारे में जानकारी दी.

For more news log on to www.inextlive.com/bareilly